हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 सीएम साय ने की सुशासन तिहार के दौरान किए ...



13 सुशासन तिहार में लोगों को समस्याओं के निराकरण ....



## खबर संक्षेप

### तीन माह का चावल दिया जाएगा एकमुश्त

**जगदलपुर।** खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छ.ग. खाद्य पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त के राशन सामग्री वितरण के एकमुश्त भण्डारण एवं वितरण किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके परिपालन में अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित तथा निःशक्तजन राशनकार्डधारियों को माह जून 2025 में उन्हें उचित मूल्य दुकान के माध्यम से जून माह के नियमित खाद्यान्न सामग्री के साथ माह जुलाई एवं अगस्त 2025 के चांवल आबंटन का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। खाद्य अधिकारी ने बताया कि हितग्राही माह जून में उचित मूल्य दुकान में उपिस्थत होकर अपने राशनकार्ड की पात्रतानुसार 3 माह का खाद्यान्न एकमुश्त अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

### विद्युत कंपनी जगदलपुर में मेश्राम को मिला ईडी का प्रभार



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर का स्थानांतरण होने से उनका चार्ज टीके मेश्राम ने शुक्रवार की शाम लिया। इस पर कंपनी के गीदम रोड स्थित प्रशासनिक भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एसके ठाकुर को विदाई दी।

### विश्व तम्बाकू दिवस पर निकली बकावंड में जागरुकता रैली



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक दिशा निर्देश एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के मार्गदर्शन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मे कार्यशाला उपरांत जन जागरुकता रैली का आयोजन किया। इसमें जगदलपुर प्रशिक्षण सेंटर के कर्मचारी, ट्यूटर द्वारा बकावंड में रैली निकालकर जन जागरुकता लाने एवं तम्बाकू से होने वाले नुकसान को विस्तारपूर्वक रैली के माध्यम से बताया। तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, गांजा, भांग आदि को सेवन न करने हेतु ग्रामीणो को समझाया गया। पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने बताया कि निलम कुमार कश्यप, श्रीमती भाग्य, यशोदा, नागेश, मंगल, वैदही, तुलसी, बांचा, शुभद्रा सेठिया, मनी, मनशीरा, हेमवती, जानकी, भगवती, कविता, जयंती, जैयमनी, चम्पा शामिल रही।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 2 गांव में बनी सड़क से ग्रामीणों को मिली राहत

## गादीरास-मनकापाल में सड़क होने से ग्रामीण आसानी से जा रहे ब्लॉक व जिला मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के अतिसंवेदनशील एवं घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के साथ ही नए सड़कों के निर्माण को गति प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बारहमासी आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसके साथ ही अन्य विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। शासन के निर्देशानुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती होने से नए मार्गों का निर्माण कर पहुंच विहीन बसाहटों को पक्की सड़कों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। यही कारण है कि संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ग्राम गादीरास से मनकापाल तक सड़क का निर्माण किया गया है। जिससे ग्रामीण बारिश में भी ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय जाने में आसानी होगी। हर बार बारिश के दौरान ग्रामीणों को ब्लॉक और जिला मुख्यालय जाने में परेशानी होती थी। सड़क के निर्माण कार्य के दौरान पीडब्ल्यूडी के सीई के साथ सुकमा के कार्यपालन अभियंता एचएन पात्र की टीम पहुंची, जहां सीई एवं ईई ने निरीक्षण कर डामरीकरण का थिकनेस देखा।



### गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने कहा कि निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें ऐसी निर्माण करें कि ग्रामीणों को परेशानी न हो सके।



## संगोष्ठी : भारत सनातन परंपराओं का देश : सांसद कश्यप

# अहिल्याबाई के चरित्र को अपने जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर नगर निगम द्वारा शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में संगोष्ठी, प्रदर्शनी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप, मुख्य वक्ता राज बहादुर सिंह राणा, अध्यक्षता महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संतोष बाफना, लच्छू राम कश्यप, पीएससी के पूर्व सदस्य शिव नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी रहे। आयोजन में स्वच्छता दीदीयों, नगरीय निकाय के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। राजबहादुर सिंह राणा ने कहा रानी अहिल्याबाई के जीवनी का हम सबको अध्ययन कर अपने जीवन में लागू करना चाहिए। वह एक महान मराठा शासिका और रानी थी जो मालवा राज्य में होलकर राजवंश की शासिका के रूप में जानी जाती थी। अपने परोपकार और न्याय के लिए वह प्रसिद्ध थी इसलिए उन्हें लोकमाता भी कहा जाता है। पति की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई ने मालवा राज्य की बागडोर संभाली। उनके ससुर के मृत्यु के बाद उन्हें आधिकारिक रूप से रानी घोषित किया गया सांसद महेश कश्यप ने कहा भारत सनातन परंपराओं का देश है। हमें देश के महान विभूतियों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। शिव नारायण पांडे ने कहा अहिल्याबाई ने अपने जीवन में जो चिंतन किया उसका क्रियान्वयन भी किया। महापौर संजय पाण्डे ने कहा रानी अहिल्याबाई का जीवन एक साधारण कन्या से लेकर एक असाधारण साम्राज्ञी बनने की यात्रा है। इंदौर को सुव्यवस्थित और समृद्ध बनाया। उन्होंने भारत के कोने-कोने में मंदिरों और घाटों का निर्माण करवाया, बल्कि काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर रामेश्वरम तक का पुनर्निर्माण करवा कर भारत की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया। तीन सौ वर्षों बाद भी रानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व हमें यह सिखाता है कि नेतृत्व शक्ति में नहीं, सेवा में है, शासन में नहीं समर्पण में है। वेद प्रकाश पांडे ने कहा 1725 में जन्मी अहिल्याबाई को रानी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने हमेशा गरीबों और कमजोरों की मदद की और उनके साथ न्याय किया। संचालन संग्राम सिंह राणा ने किया।

■ भारत की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया



### सेवा का मिला सम्मान

कार्यक्रम में स्वच्छता दीदी दामिनी ठाकुर, सफाई कामगार तुलसी केशबो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना शुक्ला, पूनम ठाकुर, ज्योति, आंगनबाड़ी सहायिका गायत्री नामदेव, रोजा दुबे, सुमित्रा बघेल, नगर निगम कार्यालय भृत्य तुलसी कश्यप, पाकली कश्यप, स्वास्थ्य कर्मी एवं मितानिन टीलेश्वरी कश्यप, रानू साहू, मुकेस्वरी सोरी, ममता कच्छ शैलेद्री बघेल, जुबेदा बेगम, स्व सहायता समूह से प्रतिभा चेट्टी, आशा महापात्र, ममता विशाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी प्रिया, भाविका, अनिकेत, पूर्वांश, प्रियानी झा, लेमिता पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही स्वच्छता केंद्र की महिलाओं को किट दिया गया। जिसमें सरीता यादव, सुमित्रा बघेल, संजोता नाग, संगीता, सरीता, कंचन, आरती सिंह, संतोषी, पूनम विश्वकर्मा, तुलसा भारती, मीना, माधवी, योगिता, साधना आदि शामिल रहे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में स्पीकर खेमसिंह देवांगन, श्रीनिवास मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्रही, सुरेश गुप्ता, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, पार्षद श्यामसुंदर बघेल, बसंती समरथ, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, उर्मिला यादव, गीता नाग, महेश्वरी ठाकुर, ममता पोटाई, कौशल्या साहू, कुसुम परिहार, रंजीता पानीग्राही, किरण दीवान, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा ने कहा महिलाओं के लिए वह प्रेरणा बनी और उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।

# मारडूम में आबकारी की रेड, हजारों रुपए की ओडिशा की शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा स्टेट के शराब की अवैध शराब बिक्री की सूचना पर आबकारी टीम द्वारा बस्तर जिले के मारडूम थाना क्षेत्र के ग्राम तोयर में दबिश देकर हजारों रुपए की शराब जब्त की गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर आबकारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा शुक्रवार को मारडूम थाना क्षेत्र के ग्राम तोयर सिरहापारा निवासी बामन राम वेट्टी के किराना दुकान में रेड कार्रवाई करते हुए ओडिशा प्रांत निर्मित 11 काटूर्नों में रखा 85.80 बल्क लीटर कुल 132 बॉटल किंगफिशर प्रीमियम बीयर तथा प्लास्टिक की झिल्ली में रखा 2.16 बल्क लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल 87.96 ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ 25 हजार से अधिक कीमत की व्हिस्की व बीयर जब्त

### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

ओडिशा, मध्यप्रदेश समेत दूसरे प्रदेशों की अवैध शराब बिक्री व परिवहन रोकने आबाकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में की गई कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह राठौर के अलावा आबकारी मुख्य आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा, आरक्षक ललित ठाकुर, शैलेश कुमार पांडेय, महिला नगर सैनिक संगीता, संगीता ध्रुव तथा वाहन चालक हेमराज बघेल की अहम भूमिका रही।

# खैरगुड़ा में तीसरे दिन पहुंची बिजली ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले अंतर्गत बस्तर विकासखंड तहत ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा के खैरगुड़ा में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को दो दिन तक समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना मिलने पर विद्युत कंपनी उप संभाग बस्तर के सहायक अभियंता के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता एवं कर्मचारियों ने तीसरे दिन शनिवार को खराब ट्रांसफार्मर को हटाकर नया ट्रांसफार्मर लगाया तो बंद बिजली बहाल हुई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा मोबाइल चार्ज करने में भी परेशानी हो रही है, जिससे उनके मोबाइल बंद हो गए थे। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। इस पर विद्युत कंपनी उप संभाग बस्तर ने 31 मई को पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर हटाकर नया ट्रांसफार्मर लगाया और बिजली बहाल हो सकी।

■ विद्युत कंपनी ने खराब ट्रांसफार्मर को हटाकर लगाया नया ट्रांसफार्मर



### खैरगुड़ा में बहाल हुई बिजली

विद्युत कंपनी उप संभाग बस्तर के सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी ने बताया कि खैरगुड़ा के ग्रामीणों ने शिकायत की कि ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली बंद हुई। इस पर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बंद बिजली को बहाल किया गया।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सांसद ने प्रचार रथ को किया रवाना



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया इसके अंतर्गत प्रातः 10 बजे महारानी अस्पताल परिसर से शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस महारानी अस्पताल के शाहिद गुंडाधुर सभागार में समाप्त हुई। वहां पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल संजय प्रसाद, वरिष्ठ सर्जन एस एन अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी और तंबाकू रोग नियंत्रण कार्यक्रम के हनी गाडलिब और उमाशंकर साहू के साथ महारानी अस्पताल के दंत चिकित्सक तिवारी और डॉ. दिवान उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप के द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक प्रचार वाहन को भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना लक्ष्मी के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## सीएचसी नानगूर में मनाया गया तंबाकू निषेध दिवस



**जगदलपुर।** सीएचसी नानगूर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. जेएल दरियो, बीपीएम शकुंतला जघेल, डॉ. रमाशंकर चतुर्वेदी के साथ आरबीएस की पूरी टीम एवं आरएमए एकनाथ कोरिया, सविता देवांगन, किरण चंद्राकर, विकास दास, सुपरवाइजर सोहन कश्यप, नाम नारायण सेठिया, गोविंद देवांगन, शिव भंडारी, प्रशांत श्रीवास्तव, तुलावती नागेश, रेखा यादव, रेनू, जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम के सहायक नोडल फिरोज खान, रैमन बघेल, शरद गुप्ता, गौरव सिंह, हरि सिंह मासिक बैठक में उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ लेकर इसके दुष्प्रभाव को समाज में बताकर जनमानस को इससे दूर रहने के लिए कार्य करने की जरूरत पर बल दिया गया।

# अन्याय के विरुद्ध एनएसयूआई करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला एनएसयूआई के अध्यक्ष विशाल खंबारी ने कहा कि प्रदेश में 10463 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण शिक्षा के अधिकार पर हमला है। ये वही सरकार है जो मोदी गारंटी में 57000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रही थी। जब शिक्षकों की भर्ती की बात थी तो वादे किए गए, लेकिन अब स्कूलों को ही खत्म किया जा रहा है। यह कदम ग्रामीण, गरीब, आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि जब स्कूल ही नहीं रहेंगे तो 57000 शिक्षक कहां, कब और क्यों भर्ती किए जाएंगे। राजीव भवन में शनिवार को पत्रवार्ता में उन्होंने यह बात कही। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन मौजूद रहे। छात्र नेताओं ने बताया भर्ती प्रक्रिया 2008 के सेटअप के अनुसार पारदर्शी ढंग से और बिना किसी छेड़छाड़ के की जाए। अगर सरकार में इच्छाशक्ति है तो वह इस भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रारंभ करे। अगर भाजपा सरकार अपने वादों पर खरा नहीं उतरती, तो यह युवाओं के साथ धोखा और विश्वासघात होगा। सीटेट परीक्षा का परिणाम अब तक लंबित है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है राज्य सरकार द्वारा आयोजित सीटीईटी परीक्षा को 1 वर्ष से अधिक समय हो चुका है। आज तक परिणाम जारी नहीं किया गया, जिससे हजारों युवा तनाव में हैं। इस दौरान एनएसयू आई प्रदेश महासचिव मनोहर सेठीया, ज्योति राव, प्रदेश सचिव माज लिल्हा, शैक अयाज, लोकेश चौधरी, कर्तव्य आचार्य, हँसू नाग, नितेश जोशी, द्रव्यांश दास, समीर नाग उपस्थित थे।

■ नशा नहीं शिक्षा और नौकरी दो



### आत्मानंद विद्यालयों को बिजली विभाग का नोटिस

बताया गया कि सरकारी स्कूल और आत्मानंद विद्यालयों को बिजली विभाग का नोटिस जारी किया गया है। क्या बच्चे गर्मी में बिना बिजली, पंखे और लाइट के बिना पढ़ाई कर पाएंगे। यह स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा नहीं है।




**नाच गाने के साथ हुआ समर कैंप का समापनः** जगदलपुर। बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर बादल आसना में समर कैंप के समापन समारोह में अतिथि के तौर पर महापौर संजय पाण्डे शामिल हुए। कुछ दिन पहले ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का ▶▶| शेष पेज 12 पर






## पीजी कॉलेज में तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम

# तम्बाकू सेवन के दुष्परिणाम बता किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति सजग करना और समाज में नशामुक्ति के प्रति जनचेतना को बढ़ावा देना था। प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ शोएब अंसारी ने कहा कि तंबाकू केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संरचना का भी गंभीर संकट है। उन्होंने युवाओं और समाज के हर वर्ग से तंबाकू को त्यागने की अपील की और कहा कि यह आदत भविष्य को अंधकारमय बना सकती है। विशेष अतिथि प्रो. दिनेश दिवाकर ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजग होना आज की आवश्यकता है और शैक्षणिक संस्थानों को इस दिशा में पहल करते हुए विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करने का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ▶▶| शेष पेज 12 पर

### विस्तार से दी जानकारी

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में अनिल टंडन ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न होने वाली बीमारियों, विशेषकर कैंसर और हृदय रोगों की गंभीरता पर विस्तार से चर्चा की और नशामुक्ति के लिए सरकारी और सामाजिक उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं कु तुलसा मरकाम, कु सुरभि दत्ता और कु जुडी एस. जॉर्ज ने भी कार्यक्रम में विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि शिक्षक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें और समाज में नशा विरोधी माहौल को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और सभी ने तंबाकू निषेध का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन एक प्रेरक संदेश के साथ हुआ कि स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू से दूर रहना ही सबसे बड़ा उपचार है।



